हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

13 सदैव गुरु के दिखाए मार्ग पर चलकर नेकी और...



14 जिला स्तरीय वन महोत्सव में 2 हजार पौधे किए रोपित



## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म एवं पॉक्सो मामले में वांछित आरोपी दबोचा

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनदीप चहल ने बताया कि 3 अप्रैल को एक महिला ने थाना आजाद नगर में शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया है। शिकायत पर केस दर्ज पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मय्यड़ निवासी राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### चोरी का आरोपी पकड़ा सामान भी बरामद

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए पांच डाइवर्टर और कन्सील्ड वायर बरामद किए गए हैं। उसकी पहचान सुमित उर्फ पेटला पुत्र संजय निवासी कबीर कॉलोनी, रोहतक, हाल निवासी इंदिरा कॉलोनी, हांसी के रूप में हुई है। पुलिस चौकी किला बाजार के प्रभारी एएसआई मुनीष कुमार ने बताया कि 28 जुलाई को शहर थाना हांसी में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार ने बताया था कि उसके ने प्लॉट से 27 जुलाई की रात अज्ञात व्यक्ति निर्माण सामग्री व बिजली के तार चुरा ले गया था।

### स्टेडियम पार्किंग से बाइक चुराने का आरोपी धरा

**हिसार।** एचएयू पुलिस चौकी टीम ने महावीर स्टेडियम पार्किंग से बाइक चोरी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी पीएसआई पंकज ने बताया कि इस संबंध में शिव कॉलोनी निवासी रिहान खान ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह अपनी बाइक पर महावीर स्टेडियम में गया था। उसने बाइक स्टेडियम की पार्किंग में खड़ी की थी। अभ्यास से लौटा तो बाइक गायब मिली। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी पनिहारी निवासी रवि को गिरफ्तार कर लिया।

### 1.53 लाख की साइबर ठगी में आरोपी काबू

**हांसी।** साइबर अपराध थाना हांसी पुलिस ने टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब और होटल रेटिंग के नाम पर 1.53 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान राजस्थान के जयपुर की खो घाटी निवासी दिलराज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की रकम में से 20 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। गढ़ी निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसके टेलीग्राम अकाउंट पर पार्ट टाइम जॉब का संदेश आया। आरोपियों ने उसे होटल रेटिंग करने और ऑनलाइन टास्क पूरा करने के बदले अच्छे मुनाफे का लालच दिया और कुल 1 लाख 53 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। इसके बाद न मुनाफा मिला और न जमा कराई गई रकम। मामले की जांच कर रहे एएसआई प्रेम कुमार ने बताया कि इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## सीवरेज व्यवस्था पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के सख्त तेवर

# एक माह में सीवरेज व्यवस्था न सुधरने पर एसई-एक्सईएन को सस्पेंशन की चेतावनी

- जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक में अधिकारियों की लगाई क्लास
- राजदरबार स्पेस का कॉलोनाइजर तबल, न आने पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर की बदहाल सीवरेज व्यवस्था और जनसमस्याओं को लेकर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। लघु सचिवालय परिसर में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री ने पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए साफ कहा कि यदि एक महीने के भीतर शहर की सीवरेज व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित एसई और एक्सईएन को निलंबित कर दिया जाएगा। अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटा देरी से शाम साढ़े चार बजे शुरू हुई बैठक में कुल 15 शिकायतों पर सुनवाई की गई। शहर में चरमराई सीवरेज व्यवस्था की शिकायत आते ही मंत्री का धैर्य जवाब दे गया। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान फाइलों में नहीं, बल्कि धरातल पर उतरकर होता है। इस अवसर पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार, हिसार विधायक सावित्री जिंदल, मेयर प्रवीण पोपली, पुलिस अधीक्षक सिंद्घात जैन, जिला नगरायुक्त सी जयाश्रद्घा, अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश रोहित कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



हिसार। जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक में नागरिकों की समस्या सुनते सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा।

### दफ्तर छोड़ें, फील्ड में उतरें अधिकारी

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने अधिकारियों को दो टूक लहजे में कहा कि ऑफिसों में बैठने की बजाय जनता के बीच जाइए। अगर एक महीने के भीतर सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो सीधे सस्पेंड कर दूंगा। उसके बाद चाहे कोई कितनी भी सिफारिश करवा ले, मैं किसी की एक नहीं सुनूंगा। मंत्री के इस कड़े रुख का बैठक में मौजूद विधायकों, मेयर और ग्रीवेंस कमेटी के सदस्यों ने भी पुरजोर समर्थन किया। जनप्रतिनिधियों ने भी माना कि शहर में सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह ठप्प है और विभागीय लापरवाही से जनता परेशान है। बैठक के दौरान राजदरबार स्पेस कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं न देने का मामला गरमाया। आरडब्ल्यूए ने कॉलोनाइजर पर गंभीर आरोप लगाए, लेकिन सुनवाई के दौरान कॉलोनाइजर का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। इस पर मंत्री ने सख्त नाराजगी जताते हुए एएसपी को निर्देश दिए कि अगली बैठक में राजदरबार स्पेस के मालिक की उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। यदि वह अगली बार भी अनुपस्थित रहता है, तो उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

### इन नए मामलों पर भी हुई सुनवाई

बैठक में पहली बार नौ महत्वपूर्ण शिकायतें भी रखी गईं। इनमें आदमपुर निवासी सुरेश कुमार द्वारा कीवी फल आयात के नाम पर 12.40 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी, भोजराज गांव के पास अस्पतालों का बायोमेडिकल कचरा और मानव अंग फेंके जाने, डाबड़ा गांव में पेयजल पाइपलाइन बिछाने में कथित भ्रष्टाचार, नकली कीटनाशक से किसानों की फसल खराब होने, 50 वर्ष पुराने बिजली कनेक्शन को काटकर वर्षों से औसत बिल भेजने, कृष्णा नगर में सीवरेज जाम, बांडाहेड़ी में पेयजल संकट, फैमिली आईडी के कारण राशन कार्ड कटने तथा एग्री स्टैक पोर्टल पर जमीन का रिकॉर्ड नहीं दिखने जैसी शिकायतें शामिल रहीं। सभी मामलों की सुनवाई के दौरान मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जवाबदेह बनाते हुए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों में लापरवाही अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के दोषी रफीक को 20 साल कैद

**राशन लेने निकली मासूम को रास्ते में बनाया शिकार, कोर्ट ने सुनाया फैसला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अदालत ने 13 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के संगीन मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने दोषी मोहम्मद रफीक को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने दोषी पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि न भरने पर दोषी को छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

दोषी मोहम्मद रफीक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला कन्नौज (कन्नौर) के गांव छपरा मऊ का रहने वाला है। इस मामले में पुलिस ने 16 फरवरी 2022 को पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। अदालत में चले अभियोग के अनुसार पीड़िता का परिवार एक मोहल्ले में कपड़ों पर प्रेस करने का काम करता है और किराए के मकान में रहता है। 15 फरवरी 2022 की शाम को 13 वर्षीय बेटी अपने माता-पिता के पास आई और दुकान से राशन का सामान लाने की बात कही। परिजनों ने उसे घर जाने को कहा और खुद राशन लाने की बात कहकर उसे भेज दिया लेकिन जब परिजन घर पहुंचे तो बेटी गायब थी। काफी खोजबीन के बाद रात करीब साढ़े नौ बजे पीड़िता रोते हुए घर पहुंची।

### ट्रेन के खाली डिब्बे में ले जाकर की दरिंदगी

पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताते हुए खुलासा किया कि रास्ते में उसे मोहम्मद रफीक मिला, जो बहला-फुसलाकर उसे रेलवे स्टेशन के पास खड़ी एक रेलगाड़ी के खाली डिब्बे में ले गया। वहां आरोपी ने उसके साथ ज़बरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़िता को वहीं छोड़कर फरार हो गया। परिजनों ने तुरंत पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया और आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में चालान पेश किया। अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर मोहम्मद रफीक को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई।

# नशे की लत में बहन को घर से बाहर भेजकर चुराया मंगलसूत्र

**साथी के साथ 50 हजार में रखा गिरवी**

**पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नशे की लत इंसान से रिश्तों की पहचान भी छीन लेती है। हिसार में ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने अपने ही खून के रिश्ते को शर्मसार करते हुए बहन को बहाने से घर से बाहर भेजा और साथी के साथ मिलकर उसके किराये के मकान से मंगलसूत्र चोरी कर लिया। इतना ही नहीं, दोनों आरोपियों ने चोरी किए गए मंगलसूत्र को 50 हजार रुपये में फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखकर रकम भी हड़प ली। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले का पर्दाफाश कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एचएयू पुलिस चौकी टीम ने इस संबंध में जिन दो आरोपियों को पकड़ा है, उनकी पहचान उदयपुरिया मोहल्ला निवासी नमन व खारिया डोभी निवासी राहुल के के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी पीएसआई पंकज कुमार ने बताया कि प्रेम नगर निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि उसका भाई नमन नशे का आदी है। घटना वाले दिन वह अपने साथी राहुल के साथ उसे किसी बहाने से घर से बाहर ले गया और उसकी मां के घर छोड़ आया। इसके बाद दोनों सीधे महिला के किराये के मकान पर पहुंचे और अलमारी में रखा मंगलसूत्र चोरी कर फरार हो गए। अगले दिन जब महिला ने अलमारी देखी तो मंगलसूत्र गायब था। भाई पर शक होने पर उसने पुलिस को शिकायत दी और घटना से संबंधित वीडियो रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध करवाई।

### सीसीटीवी व तकनीकी साक्ष्यों से खुला राज

शिकायत मिलने के बाद एचएयू चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य प्रमाणों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी नमन के कब्जे से 26 हजार 600 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया, जबकि राहुल के पास से पांच हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन तथा मणप्पुरम फाइनेंस कंपनी में मंगलसूत्र गिरवी रखने से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए।

### फाइनेंस कंपनी में रखा था गिरवी

पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने चोरी किए गए मंगलसूत्र को 50 हजार रुपये में फाइनेंस कंपनी में गिरवी रख दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली है और गिरवी रखे गए मंगलसूत्र को बरामद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## खरकड़ा के पास सरकारी गाड़ी तोड़ी दो मोबाइल भी छीने

# नहरी पानी चोरी रोकने गई सिंचाई विभाग की टीम पर हमला, जेई और कैनाल गार्ड घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी/नारनौंद

नहरी पानी की चोरी रोककर टेल तक किसानों को पर्याप्त पानी पहुंचाने के अभियान के दौरान सिंचाई विभाग की टीम पर कथित हमला होने का मामला सामने आया है। हमले में दो जेई और एक कैनाल गार्ड घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल कैनाल गार्ड सचिन को प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात सिंचाई विभाग की टीम गांव खरकड़ा के पास सिवानी फीडर पर नहर से अवैध रूप से पानी चोरी रोकने के लिए गश्त कर रही थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने टीम का विरोध करते हुए जेई जितेंद्र जाखड़, जेई अंकित बिसला और कैनाल गार्ड सचिन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने सरकारी वाहन के शीशे तोड़ दिए तथा घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहे दो कर्मचारियों के मोबाइल फोन भी छीनकर ले गए। बताया जा रहा है कि विभाग इससे पहले भी करीब 150 मीटर लंबी अवैध पाइपलाइन के जरिए नहर से पानी चोरी के मामले में 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करा चुका है। घटना के बाद सिंचाई विभाग के कर्मचारियों में भारी रोष है।



हांसी। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन कैनाल गार्ड सचिन।

### 24 घंटे में गिरफ्तारी न हुई तो हड़ताल की चेतावनी

इस घटना से नाराज सिंचाई विभाग कर्मचारी यूनियन, हांसी के प्रधान अशोक यादव ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

### घायल किसान ने भी टीम पर लगाए आरोप

दूसरी ओर इस बारे में नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन खरकड़ा निवासी किसान नरेंद्र का आरोप है कि सिंचाई विभाग की टीम ने उसके सौर ऊर्जा सिस्टम से जुड़े पाइप को काट दिया। जब उसने इसका विरोध किया, तो कर्मचारियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके पैर में चोट आई। किसान ने कहा कि हाथापाई के दौरान मजदूरों की दिहाड़ी के लिए रखे 50 हजार रुपये गुम हो गए।

### किसानों को उनके हिस्से का पानी उपलब्ध करवाना उद्देश्य

जेई अंकित बिसला ने बताया कि विभाग का उद्देश्य केवल नहरी पानी की चोरी रोकना नहीं, बल्कि टेल तक किसानों को उनके हिस्से का पानी उपलब्ध कराना है। इसी लक्ष्य को लेकर विभाग की टीमें लगातार गश्त कर अवैध पानी चोरी के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। घायल कैनाल गार्ड सचिन ने आरोप लगाया कि विभाग की टीम सरकारी ड्यूटी पर थी। सिवानी फीडर के आरडी नंबर 71700 के पास कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने घटना के सबूत मिटाने की नीयत से उनके दो मोबाइल फोन छीनकर ले गए और सरकारी वाहन में भी तोड़फोड़ की।

### लिखित में शिकायत नहीं आई: एसएचओ

इस संबंध में बास थाना प्रभारी पवित्र कुमार ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं पहुंची है। जैसे ही शिकायत मिलेगी उसके आधार पर कानूनी कार्रवाई कर दी जाएगी।

# सीआईए ने गंगवा बाइपास पर घेराबंदी कर दबोचा गांजा तस्कर

**5.14 किलो गांजा और बाइक बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सीआईए टीम ने 5 किलो 140 ग्राम गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। सीआईए टीम ने उसे गंगवा बाइपास स्थित अंडरब्रिज के पास घेराबंदी कर दबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त किया है। सीआईए प्रभारी पीएसआई कर्ण सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक प्रवीण कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। तभी गंगवा बाइपास अंडरब्रिज के पास एक बाइक सवार युवक संदिग्ध हालात में दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 5 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामगढ़ बस्ती गंगवा निवासी कन्हैया उर्फ मल्ला के रूप में हुई है। उस पर आजाद नगर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# दो पिकअप में लदे 99 पशु मुक्त करवाए

**दोनों मामलो में चार आरोपी गिरफ्तार**

**हिसार।** पुलिस ने पशु क्रूरता के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 99 बेजुबान पशुओं को अमानवीय यातना से मुक्त कराया है। पहले मामले में आजाद नगर थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में बड़ी संख्या में भेड़-बकरियों को बेहद क्रूर तरीके से भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने चौधरीवास टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोक लिया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि पिकअप में 70 बकरियां और 14 भेड़, कुल 84 पशुओं को वाहन के अंदर डबल स्टोरी व्यवस्था बनाकर इस कदर ठूंस-ठूंसकर भरा गया था कि उनके हिलने-डुलने तक की जगह नहीं थी।

पुलिस ने सभी पशुओं को मुक्त कर वाहन को कब्जे में ले लिया। इस मामले में बरवाला निवासी राजेश व जींद निवासी मनवीर के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### बाडो टोल पर 15 सुअरों को भी मुक्त करवाया


दूसरे मामले में बरवाला थाना पुलिस ने बाडो पट्टी टोल प्लाजा पर वाहन जांच के दौरान एक अन्य पिकअप वाहन को रोका। जांच में पाया गया कि वाहन में 15 सुअरों को बिना पर्याप्त स्थान, चारा-पानी और आवश्यक सुविधाओं के अत्यंत अमानवीय परिस्थितियों में ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी सुअरों को मुक्त कराया तथा वाहन को जब्त कर लिया। इस मामले में पंजाब के बरनाला निवासी कुलदीप व सुनील के खिलाफ केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# राजगुरु मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान बने सुरेंद्र बजाज व महेश चौधरी सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजगुरु मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में सुरेंद्र बजाज को सर्वसम्मति से प्रधान चुन लिया गया है। एसोसिएशन की आम सभा की बैठक सरपरस्त गौतम नारंग, हरिकिशन ढालिया, जगदीश कटारिया व चुनाव अधिकारी सुशील गोयल, प्रदीप सचदेवा व दीपक अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 7 जुलाई को प्रधान पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे तथा 22 जुलाई तक आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी।

### एक साल रहेगा कार्यकाल



निर्धारित समय सीमा तक प्रधान पद के लिए केवल सुरेंद्र बजाज का ही नामांकन प्राप्त हुआ। इस कारण चुनाव अधिकारियों ने वीरवार को सुरेंद्र बजाज को सर्वसम्मति से राजगुरु मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन का प्रधान निर्वाचित घोषित किया। उनका कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। बैठक में पूर्व प्रधान रवि मेहता, सचिव सुभाष आहुजा एवं उनकी पूरी कार्यकारिणी द्वारा अपने कार्यकाल में मार्केट के विकास, सुरक्षा, स्वच्छता एवं व्यापारियों के हितों में किए गए कार्यों की सराहना की गई। अपने संबोधन में नव-निर्वाचित प्रधान सुरेंद्र बजाज ने सभी दुकानदारों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए नई कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारियों की घोषणा की। उन्होंने महेश चौधरी को सचिव, कमल अरोड़ा को उप प्रधान तथा दर्शन खुराना को कोषाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यकारिणी के शेष पदाधिकारियों एवं सदस्यों के नामों की घोषणा अगले एक-दो दिनों में बैठक आयोजित करके की जाएगी।

**धरना समाप्त** पानी न मिलने पर ग्रामीणों ने जलघर को जड़ा था ताला, समस्या का हुआ समाधान

# लोहारी राघो के जलघर में सफाई का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

निकटवर्ती गांव लोहारी राघो में पिछले कई महीनों से बनी पीने के पानी की किल्लत और जलघर में गंदगी के मुद्दे को लेकर आखिरकार जनस्वास्थ्य विभाग को हरकत में आना पड़ा। ग्रामीणों द्वारा जलघर पर ताला जड़कर शुरू किए गए अनिश्चितकालीन धरने के बाद विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान करवाया, जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार, मसुदपुर-पनिहारी लिंक माइनर की सफाई का काम चलने के कारण लोहारी राघो के जलघर में भाखड़ा नहर का पानी नहीं पहुंच पा रहा था। पानी की आवक न होने से गांव में पेयजल संकट गहरा गया था और ग्रामीणों को हफ्ते में केवल एक ही बार पानी की सप्लाई मिल रही थी। इसके अलावा, जलघर में बने पानी के टैंक भी लंबे समय से गंदगी से अटे पड़े थे, जिससे दूषित पानी की समस्या बनी हुई थी।

### पहुंचे अधिकारी

समस्या से तंग आकर आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को गांव के जलघर पर ताला लगा दिया और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। मामला बढ़ता देख गुरुवार को जनस्वास्थ्य विभाग के जेई मोहित सांगवान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे और ग्रामीणों से बातचीत की। विभाग द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए जलघर के टैंकों की सफाई का कार्य शुरू करवाया गया और भाखड़ा नहर से पानी की सप्लाई भी बहाल कर दी गई। मांगों के तुरंत पूरे होने पर ग्रामीणों ने संतुष्टि जताते हुए जलघर का ताला खोला और धरना समाप्त करने की घोषणा की।





नारनौंद। लोगों से बातचीत करते हुए विभाग के जेई मोहित सांगवान व गांव के जलघर की ट्रैक्टर से सफाई करते हुए।

### पूरी कर दी गई हैं मांगें: सांगवान

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई मोहित सांगवान ने बताया कि ग्रामीणों की सभी जायज़ मांगों को पूरा कर दिया गया है और भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न आए, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। अब गांव में पीने के पानी की सप्लाई सुचारू रूप से दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की है कि वे जलघर परिसर में सफाई बनाए रखने में सहयोग करें और गांव में लगाए गए अवैध जल कनेक्शनों को तुरंत वैध या ठीक करवाएं।

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# जब दोस्त हैं साथ खुशियां हैं पास

हर बच्चे का कोई ना कोई दोस्त जरूर होता है। टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दोस्त बनाने में पीछे नहीं रहते। इनकी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है? इनका अपने फ्रेंड्स के साथ बिताया कोई मेमोरेबल मोमेंट कौन-सा है? इस बार ये फ्रेंडशिप-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे? फ्रेंडशिप-डे के मौके पर इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का अपने सभी फ्रेंड्स को क्या मैसेज है, बता रहे हैं **बालभूमि** को।

## फ्रेंड्स खुलकर जीने का मौका देते हैं उर्वा सवालिया



**सोनी सब** के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में बाल अर्जुन की भूमिका में उर्वा सवालिया दर्शकों की खूब तारीफ बटोर रहा है। अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की इंपॉर्टेंस के बारे में उर्वा बताता है, 'मेरे फ्रेंड्स मुझे बिना किसी फिल्टर के हंसने और खुलकर जीने का मौका देते हैं। मेरे लिए दोस्ती का मतलब है- बिना शर्त के एक-दूसरे का साथ देना और खूब मस्ती करना।' अपने फ्रेंड्स के साथ एक मेमोरेबल मोमेंट को याद करते हुए उर्वा बताता है, 'एक बार मेरा डांस परफॉर्मेंस था। मैं काफी नर्वस हो रहा था। मेरे पैरेंट्स के साथ मेरे फ्रेंड्स भी इस इवेंट में आए थे। उन्होंने चार्ट पेपर पर 'यू कैन डू इट!' लिखकर मेरा हौसला बढ़ाया। मैंने जमकर परफॉर्म किया। इससे मुझे फर्स्ट प्राइज मिला। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि जब दोस्त साथ हों, तो बड़े से बड़ा डर दूर भाग जाता है।'

इस फ्रेंडशिप-डे पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में उर्वा बताता है, 'इस बार मैंने अपने सभी क्लोज फ्रेंड्स के साथ 'नो मोबाइल, ओनली फन डे' प्लान किया है। हम सब मिलकर एक पार्क में जाएंगे, जहां कोई भी मोबाइल या आईपैड नहीं छुएगा। हम अपने पुराने खेल जैसे छुपन-छुपाई, खो-खो और पिट्ठू खेलेंगे। इसके अलावा, मैं अपने हाथों से सबके लिए कस्टमाइज्ड फ्रेंडशिप बैंड्स बना रहा हूं, जिसमें उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स होंगे।' फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए उर्वा का प्यारा सा मैसेज है, 'ऐसे हर दोस्त को दिल से शुक्रिया कहो, जो बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहता है। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## सच्ची दोस्ती का मतलब है एक-दूसरे का साथ देना भूमि रामोला



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली का रोल प्ले कर रही भूमि रामोला को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। भूमि की लाइफ में उसके फ्रेंड्स बहुत इंपॉर्टेंस रखते हैं। वह कहती है, 'मेरे लिए दोस्त भगवान का दिया सबसे प्यारा उपहार है। अपने फ्रेंड्स के साथ हंसना-खेलना और नई-नई बातें सीखना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरे लिए सच्ची दोस्ती का मतलब सिर्फ साथ खेलना नहीं, एक-दूसरे का साथ देना, एक-दूसरे की खुशियों में खुश होना और हमेशा अच्छे दोस्त बने रहना है।' अपना मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट शेयर करते हुए भूमि बताती है, 'मेरी स्कूल की दोस्त (नायरा) ने फ्रेंडशिप-डे पर अपने हाथों से मेरे लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाया था। वो मेरा पहला फ्रेंडशिप गिफ्ट था, इसलिए वो मोमेंट आज भी मेरे दिल के बहुत करीब है।'

इस बार फ्रेंडशिप-डे की प्लानिंग के बारे में भूमि बड़े उत्साह से बताती है, 'फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड दूंगी, उनके साथ खूब बातें करूंगी, गेम्स खेलूंगी और बहुत सारी मस्ती करूंगी। साथ ही मैं अपने हर दोस्त को दिल से 'थैंक यू' बोलूंगी, क्योंकि अच्छे दोस्त हर दिन को और ज्यादा खास बना देते हैं।'

फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने सभी फ्रेंड्स के लिए भूमि का मैसेज है, 'हमेशा सच्चे दोस्त बनो, एक-दूसरे की मदद करो, दोस्तों के साथ खूब हंसो, कुछ अच्छा सीखो और कभी किसी दोस्त का दिल मत दुखाओ। अपनी दोस्ती को हमेशा दिल से निभाओ। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा कनेक्टेड रहें अबान खान



**स्टार प्लस** के शो 'उड़ने की आशा' में अबान खान को लक्ष्य की भूमिका में खूब पसंद किया जा रहा है। अबान से पूछने पर कि तुम्हारी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है, वह मुस्कराते हुए जवाब देता है, 'जिंदगी में दोस्तों का होना बहुत जरूरी है। दोस्तों के साथ हम सिर्फ एंज्वॉय ही नहीं करते, अपने कामों में उनकी मदद भी लेते हैं। मेरे फ्रेंड्स तो नोट्स कंप्लीट कराने में मेरी हेल्प करते हैं। मेरे साथ क्रिकेट भी खेलते हैं। शो 'उड़ने की आशा' में मेरे साथ काम करने वाले पंखुरी और आर्या मेरे बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। हम लोग सेट पर भी खूब मस्ती करते हैं।'

अबान का अब तक का मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट कौन-सा था, वह याद करते हुए बताता है, 'एक बार ईद के दिन मैं मम्मी को बिना बताए अकेले अपने फ्रेंड्स के घर ईद मनाने चला गया था। मैंने दोस्तों के साथ खूब एंज्वॉय किया। उधर घर वाले मुझे ढूंढ़ रहे थे, परेशान हो रहे थे। जब मैं वापस घर गया तो मुझे डांट पड़ी कि त्योहार पर दोस्तों से मिलना अच्छी बात है, लेकिन घर वालों को पता होना चाहिए कि तुम कहां जा रहे हो?'

इस बार फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करने की क्या खास प्लानिंग है, पूछने बर अबान बताता है, 'मैं फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड्स के साथ टाइम स्पेंड जरूर करूंगा। उनके साथ क्रिकेट खेलूंगा और मूवी देखूंगा। फ्रेंडशिप-डे पर जब अपने शो की शूटिंग पर जाऊंगा तो मैं अपने सेट वाले दोस्तों के लिए भी चॉकलेट्स लेकर जाऊंगा।'

फ्रेंडशिप-डे के मौके पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए अबान का मैसेज है, 'अपने फ्रेंड्स की हमेशा हेल्प करें, उनके साथ एंज्वॉय करें और हमेशा उनसे कनेक्टेड रहें। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है हरिति जोशी



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा की भूमिका निभा रही हरिति जोशी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का मन मोह रखा है। वह अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप को बहुत इंपॉर्टेंट मानती है। हरिति कहती है, 'दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है। फ्रेंड्स के साथ मैं खुलकर बोलती हूं, हंसती हूं, खेलती हूं, उनसे नई-नई बातें सीखती हूं। अच्छे दोस्त हर खुशी को और भी खास बना देते हैं। मुश्किल समय में भी हमेशा साथ खड़े रहते हैं।'

फ्रेंड्स के साथ मेमोरेबल मोमेंट्स के बारे में पूछने पर हरिति चहकते हुए बताती है, 'वैसे तो दोस्तों के साथ का अपनी लाइफ का कोई खास मेमोरेबल मोमेंट याद नहीं आ रहा है, लेकिन मेरे लिए सबसे यादगार पल तब हो जाता है, जब 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' की शूटिंग के बीच हमें थोड़ा ब्रेक मिलता है, हम सब फ्रेंड्स मिलकर गेम खेलते हैं, खूब मस्ती करते हैं।' अबकी फ्रेंडशिप-डे पर हरिति की क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'इस बार फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों के साथ टाइम स्पेंड करूंगी। अगर शूटिंग होगी तो वहीं सेट पर अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करूंगी। अगर छुट्टी मिली तो बाहर घूमने या साथ में कोई मजेदार एक्टिविटी करने का प्लान बनाऊंगी।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए हरिति का फ्रेंडशिप-डे पर स्पेशल मैसेज है, 'हमेशा अपने दोस्तों का साथ दें। दोस्ती सबसे खूबसूरत रिश्ता है, इसलिए इसे हमेशा प्यार और भरोसे के साथ निभाएं। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *


प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

---

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## मेहनत का महत्व बताती कहानियां

बच्चो, इस बार हम तुम्हें एक ऐसी पुस्तक के बारे में बता रहे हैं, जिसमें मेहनत के महत्व को समझाती चार कहानियां हैं। किशोर श्रीवास्तव द्वारा रचित इस पुस्तक का नाम है- मेहनत का फल। पुस्तक की पहली कहानी 'नाम नहीं काम बड़ा' में तुम पढ़ोगे कि बुद्धूमल के नाम को लेकर स्कूल में उसके दोस्त उसे चिढ़ाया करते थे। दोस्तों के चिढ़ाने से उसने अपनी क्लास में जाना ही छोड़ दिया। यह तो अच्छा हुआ कि उसे एक ऐसे साधु मिले, जिन्होंने नाम को लेकर उसकी आंखें खोल दीं। जब बुद्धूमल अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाकर क्लास में अव्वल आया तो वह सभी का चहेता बन गया। यह कहानी हमें सिखाती है कि नाम से बड़ा और महत्वपूर्ण काम होता है।



पुस्तक की शीर्षक कहानी 'मेहनत का फल' में एक घटना में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रोमू को बड़ी मुश्किल से स्कूल में प्रवेश मिला था, लेकिन उसने पैरों से लिखना सीखकर जब बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त किया तो उसकी सफलता के आगे सब नतमस्तक हो गए। तीसरी कहानी 'अपना घर सबसे प्यारा' में सोमू से जब उसकी मां ने घर में इस्तेमाल किए गए कप धोने के लिए कहा तो यह बात उसे बहुत बुरी लगी। उसने गुस्से में घर छोड़ दिया। भूख लगने पर जब उसे होटल में जूठे बर्तन धोने के लिए मजबूर होना पड़ा तो उसे अपनी गलती का अहसास हुआ और वह वापस अपने घर की ओर चल पड़ा।

किताब की अंतिम कहानी 'बुराई की हार' यह सिखाती है कि कभी भी झूठ बोलकर दूसरों के साथ धूर्तता नहीं करनी चाहिए। अगन, मगन, छगन और ठगन चारों मिलकर लोहे की मूर्ति को चांदी की बताकर लोगों को ठगा करते थे, लेकिन भोलाशंकर की चतुराई से उन सभी की पोल खुल गई और उन्हें कारावास की सजा मिली। *

**किताब:** मेहनत का फल (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** किशोर श्रीवास्तव, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** के. बी. एस. प्रकाशन, दिल्ली


---

## दोस्तों की सुलह

तन्मय और मोनू बहुत अच्छे दोस्त थे। एक दिन दोनों आपस में झगड़ पड़े। बातचीत बंद कर दी। अब एक दूसरे के साथ कोई खेलने वाला नहीं था। दोनों अकेले पड़ गए। तन्मय और मोनू को अपनी दोस्ती खूब याद आती। क्या दोनों में सुलह हो पाई? दोनों फिर से दोस्त बन पाए?



कहानी
सरस्वती रमेश



एआई इमेज

तन्मय और मोनू बहुत पक्के दोस्त थे। दोनों साथ-साथ खेलते, स्कूल जाते। एक दिन दोनों क्रिकेट खेल रहे थे। तन्मय ने बैटिंग करते समय बॉल इतनी जोर से मारी कि पता नहीं किधर चली गई। दोनों दोस्तों ने इधर-उधर चारों तरफ बॉल खोजी, लेकिन बॉल नहीं मिली। बॉल मोनू की थी। वह तन्मय से झगड़ने लगा, 'तुमने मेरी बॉल जानबूझकर जोर से मारकर खो दी। तुम मुझे मेरी बॉल कहीं से भी लाकर दो, चाहे बाजार से खरीद कर दो।'

'मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं, जो मैं खरीद कर दूं।' तन्मय ने अपनी मजबूरी बताई।

'मुझे नहीं पता, कहीं से भी लाकर दो। नहीं तो मैं तुमसे कट्टी कर लूंगा।' मोनू तेज आवाज में बोला।

तन्मय भी चिढ़ गया, 'कट्टी करनी है तो कर ले।'

इस कहा-सुनी के बाद दोनों दोस्तों के बीच बोलचाल बंद हो गई। मोनू को देख तन्मय मुंह फेर लेता। मोनू का गुस्सा भी कोई कम नहीं था। वह भी तन्मय की अनदेखी करने लगा।

दोनों के बीच बातचीत बंद होने के बाद अब मोनू के साथ खेलने वाला कोई साथी ना था। शाम को पार्क में वह साइकिल अकेला ही चलाता। पहले तन्मय कभी-कभी उसकी साइकिल के पीछे-पीछे दौड़ लगाता था या फिर कभी-कभी मोनू की साइकिल के पीछे लगे कैरियर पर बैठ जाता। दोनों खूब मस्ती करते। अब अकेले साइकिल चलाने में मोनू को जरा भी मजा नहीं आता। उसे तन्मय की याद आती।

उधर तन्मय का भी मोनू के बिना मन नहीं लग रहा था। एक दिन उसने सोचा, आज जब पार्क में मोनू दिखेगा, उससे सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेगा। तन्मय पार्क जाकर मोनू का इंतजार करने लगा। काफी देर बीत गई, लेकिन मोनू ना आया। उदास होकर तन्मय घर वापस आ गया।

असल में उस दिन मोनू के पापा रिमोट से चलने वाली नई कार लेकर लाए थे। मोनू कार पाकर बहुत खुश था, लेकिन वह कार किसके साथ चलाए, उसे समझ में नहीं आ रहा था। उसका पक्का दोस्त तन्मय तो नाराज चल रहा था। मोनू ने अपनी परेशानी पापा को बताई। पापा ने कहा, 'बेटा, हम सबका कभी-कभी आपस में झगड़ा हो जाता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों को लेकर ज्यादा समय तक नाराज रहना अच्छा नहीं।'

'पापा गलती तो तन्मय ने की। उसने मेरी बॉल क्यों खो दी।' मोनू बोला।

'कोई बात नहीं बेटा। मैं नई बॉल लाकर तुम्हें दे दूंगा। तुम जाओ और तन्मय से सुलह कर लो।' पापा ने मोनू का समझाया।

मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। वह अपनी रिमोट से चलने वाली कार लेकर तन्मय के घर चल दिया। रास्ते में उसने कप केक खरीद लिए। कप केक तन्मय को बहुत पसंद है। उसने सोचा, वह सॉरी बोलकर तन्मय को कप केक पकड़ा देगा। तन्मय खुश होकर उसे माफ कर देगा।

मोनू कप केक खरीद कर तन्मय के घर की ओर जा ही रहा था कि तभी दोनों दोस्त रास्ते में आमने-सामने टकरा गए। तन्मय को देखकर मोनू ने कहा, 'अरे तन्मय तुम यहां, मैं तो तुम्हारे घर जा रहा था।'

तन्मय ने खुश होकर कहा, 'मैं भी तुम्हारे घर जा रहा था, तुमसे माफी मांगने।'

'अच्छा! लेकिन अब माफी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अब मैं तुमसे बिल्कुल नाराज नहीं हूं।' यह कहते हुए मोनू ने झट से तन्मय को कप केक पकड़ा दिया। तन्मय कप केक पाकर बहुत खुश हुआ। उसने अपने दोस्त मोनू को थैंक्स कहा। मोनू ने तन्मय को अपनी रिमोट वाली कार दिखाई और बोला, 'चलो दोस्त, हम अब साथ में कार चलाते हैं। दोबारा कभी आपस में न लड़ने का वादा करते हैं।'

तन्मय ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। दोनों दोस्त गले मिले और एक-दूसरे से प्रॉमिस किया- 'यह दोस्ती कभी नहीं तोड़ेंगे।' *

---

कविता
सूर्य कुमार पांडेय

## सच्चे मित्र

जिनसे अपने मन मिलते हैं
भीतर नए फूल खिलते हैं
वे ही सच्चे मित्र हमारे।
जिनके साथ खुशी से रहते
अपने मन की बातें कहते
वे ही अच्छे मित्र हमारे।
जिनके साथ करें हम चैटिंग
जिनके साथ करें हम बैटिंग
वे ही सारे दोस्त हमारे।
जिनसे हों पढ़ने की बातें
काम मुसीबत में जो आते
वे ही प्यारे दोस्त हमारे।



---

## जीके क्विज-216

1. हाल में किस केंद्रीय मंत्री को शिक्षा मंत्रालय का भी दायित्व सौंपा गया है?
2. पिछले दिनों वाराणसी में स्थित किस धार्मिक स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया?
3. स्पेन में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में किस महिला भारोत्तोलक ने स्वर्ण पदक जीता?
4. इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
5. ऋग्वेद किस भाषा में लिखा गया है?
6. प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है?
7. ऑक्सीजन का रासायनिक प्रतीक क्या होता है?
8. पृथ्वी का प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
9. देश के उपराष्ट्रपति संसद के किस सदन के सभापति होते हैं?
10. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-216 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-215 का उत्तर :** 1.स्पेन, 2.जेनिक सिनर, 3.विक्रम-1, 4.दिसपुर, 5.सी.पी. राधाकृष्णन, 6.विष्णुगुप्त/कौटिल्य, 7.मुंशी प्रेमचंद, 8.मध्य प्रदेश, 9.बाल गंगाधर तिलक, 10.26 जुलाई

**जीके क्विज-215 का सही उत्तर देने वाले :** जिया शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, मिशा-रायपुर, कोमल-दुर्ग, राजन-बिलासपुर, हर्षिता-रोहतक, उत्तम-भोपाल, शिखा-महासमुंद, तनुजा-महेंद्रगढ़, सुमन-बालोद

---

## रंग भरो-207

**रंग भरो-207** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**मोक्षित, ब्यावर**



आशना, जांजगीर



सार्थक, कोरबा



देवांश, महेंद्रगढ़



कुंजल, रायपुर



दिशा, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्या-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, सान्वी-बिलासपुर, केतन-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रिया-जांजगीर, रेणु-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, शौर्य-गुना, पूजा-करनाल, हंसिका-बालोद

---

## रंग भरो 208




बच्चो, यहां बेस्ट-फ्रेंड्स टीना और मीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ पत्रकार राकेश क्रांति के पिता का निधन

**हिसार।** एक दैनिक समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार राकेश क्रांति के पिता कृष्ण लाल का बुधवार रात को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे और लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। गुरुवार को सेक्टर 16-17 स्थित श्मशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां परिजनों, वरिष्ठ पत्रकारों, सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र के गणमान्य लोगों तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने उन्हें अंतिम विदाई दी और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत कृष्ण लाल लंबे समय से दवा व्यवसाय से जुड़े रहे थे। वह अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी और पोते-पोतियों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। विभिन्न सामाजिक

### पुलिस ने 35 बोतल देशी शराब सहित दो पकड़े

**हिसार।** अग्रोहा थाना पुलिस ने 35 बोतल अवैध देशी शराब सहित दो आरोपियों किरमारा निवासी दीपक व रमेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। अग्रोहा थाना प्रभारी निरीक्षक ईश्वर सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही राजबीर सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त एवं अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थे। इसी दौरान साबरवास से सिवानी बोलान रोड पर शक के आधार पर एक मोटरसाइकिल को रुकवाकर उस पर सवार दो व्यक्तियों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास रखे प्लास्टिक के कट्टे से 35 बोतल शराब ठेका देशी मार्का माल्टा बरामद हुई।


### ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दूसरे दिन हुआ सत्संग

# सदैव गुरु के दिखाए मार्ग पर चलकर नेकी एवं सद्कर्म करने चाहिए : महंत

**भजनों की स्वर लहरियों पर झूमते रहे श्रद्धालु**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कैमरी रोड स्थित श्रीश्री 1008 ब्रह्मलीन ओमानंद महाराज ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दूसरे दिन सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा सर्वमंगल कामना के लिए करवाए गए हवन-यज्ञ से हुआ, जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर विश्व कल्याण की प्रार्थना की। आश्रम के गद्दीनशीन महंत राजेश्वरानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरु की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने फरमाया कि गुरु की दया-कृपा से साधारण मनुष्य भी महान बन जाता है और गुरु की शरण में आते ही काया पलट जाती है, इसलिए हर व्यक्ति को सदैव गुरु के दिखाए मार्ग पर चलकर नेकी, भलाई और सद्कर्म करने चाहिए। कार्यक्रम के दूसरे दिन भारत विकास परिषद के सदस्य भी विशेष रूप से आश्रम पहुंचे।



हिसार। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान सत्संग में भजन प्रस्तुत करते महंत राजेश्वरानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

महंत राजेश्वरानंद महाराज एवं भजन मंडली ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति से समूचे वातावरण को गुरुभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर इंद्रा नंद, साध्वी ओम पति, साध्वी दर्शना नंद, शिवा नंद, साध्वी कमलेश जी, जयभगवान खर्ब, डॉ. देवेंद्र नानकी, राकेश दिल्ली, दिनेश राजस्थान, कृष्ण कबीर, राजू जांगड़ा, सुनील वर्मा, मनबीर पिलानिया, सोनू वर्मा, दलबीर सिंह और सुरेश ऑस्ट्रेलिया सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### ओशो ध्यान उपवन में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

**हिसार।** साधकों को जीवन के सही मार्ग पर अग्रसर करने वाले ओशो ध्यान उपवन में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में सायंकाल आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उत्सव के दौरान गुरु के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करके उनकी अनुकंपा के लिए आभार भी व्यक्त किया गया। गुरु पूर्णिमा उत्सव में साधकों ने जहां ध्यान किया, वहीं गीत-संगीत पर उन्हें नाचने का भी अवसर मिला।

### प्राचीन श्री बाला जी धाम में हुआ संकीर्तन

**उकलाना।** खंड के गांव सुरेवाला स्थित प्राचीन श्री बाला जी धाम में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पहली बार आयोजित श्री बाला जी संकीर्तन में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्र सहित आसपास के अनेक गांवों से श्रद्धालु परिवार सहित बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रद्धालुओं की अपेक्षा से कहीं अधिक भीड़ उमड़ने के कारण पूरा मंदिर परिसर भक्तों से खचाखच भर गया और देर रात तक वातावरण जय श्री बाला जी के जयघोष एवं भक्ति संगीत से गूंजता रहा।

### भजन संध्या से भक्तिमय हुआ वातावरण

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य पर सामूहिक गुरु पूजा एवं सुमधुर भजनों से सुसज्जित दिव्य भजन संध्या का आयोजन भव्य स्तर पर हैप्पीनेस सेंटर सेक्टर-14 में किया गया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. उमेश आर्य, महावीर अग्रवाल, भारती मुंजाल, विजय शर्मा, कृष्ण कुमार एवं मंजू पूरी द्वारा पवित्र गुरु-पूजा से किया गया। तत्पश्चात डॉ. उमेश एवं भारती ने गणेश वंदना, गुरु वंदन, शिव, कृष्ण, नारायण के भजनों से साधकों को भक्तिमय संगीत की अनंत गहराइयों में सराबोर किया।

### भाविप की चंद्रशेखर शाखा ने लगाया शिविर

**हिसार।** भारत विकास परिषद की चंद्रशेखर शाखा ने दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में सेवार्थ भाव से निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया। इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद से प्रभावित 17 बुजुर्गों का निशुल्क ऑपरेशन किया गया। इतना ही नहीं उन्हें यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर सुनील दत्त, रोहतास शर्मा व धीरज शर्मा सहित चंद्रशेखर शाखा के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान रामनिवास अग्रवाल सीए, मांगेराम गुप्ता, सुरेंद्र कुच्छल, ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, जगमोहन जिंदल व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



हांसी। स्वामी गणेशानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# गुरु पूर्मिमा पर गुरु की महिमा का किया बखान

- श्री सनातन धर्म कन्या विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हुआ भव्य सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी गणेशानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और गुरु वंदना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय की संगीत मंडली ने भजन एवं आध्यात्मिक गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर भी ईओ नारनौंद जोगिंदर सिंह, हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान रविंद्र अत्री, राजकीय विद्यालय के प्राचार्य तेज सिंह, एसडी मॉडर्न स्कूल की प्राचार्या रितु सिंह, हिंदू स्कूल के प्राचार्य अनिल कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, छात्र-छात्राएं तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु ही वह प्रकाश हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों का सम्मान करने, उनके आदर्शों का अनुसरण करने तथा अपने जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने का आह्वान किया।

### यजत बने बेस्ट एथलीट, दो स्वर्ण पदक जीते

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 के प्रतिभाशाली छात्र यजत ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स टूर्नामेंट में अंडर-14 आयु वर्ग में बेस्ट एथलीट का खिताब अपने नाम किया। यजत ने 400 मीटर और 200 मीटर दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, अपने अभिभावकों सुधीर एवं सपना रानी तथा पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के लिए उनकी तैयारी विद्यालय की शारीरिक शिक्षा अध्यापिका मनीषा यादव के मार्गदर्शन में हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने यजत की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

# विहिप नेता से दो करोड़ की रंगदारी मामले में जांच तेज

- विदेशी नंबर और वॉयस मैसेज की खंगाली जा रही कड़ी
- रोहित गोदारा गैंग के नाम पर मिली थी धमकी, परिवार दहशत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

**विदेशी नंबर से आई थी धमकी**

सुरेंद्र जांगड़ा ने शिकायत में बताया कि बुधवार शाम करीब 6:20 बजे उनके व्हाट्सएप पर पुर्तगाल के नंबर (+351925884932) से कॉल आई थी, लेकिन व्यस्त होने के कारण वह कॉल रिसीव नहीं कर सके। करीब दो मिनट बाद उसी नंबर से 25 सेकंड का वॉयस मैसेज भेजा गया।

विहिप जिला अध्यक्ष एवं निर्माणाधीन कनॉट प्लेस के निदेशक सुरेंद्र जांगड़ा से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। बुधवार शाम विदेशी नंबर से आए धमकी भरे वॉयस मैसेज के बाद दर्ज किए गए मुकदमे में अब पुलिस मोबाइल नंबर, वॉयस रिकॉर्डिंग और अन्य तकनीकी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। वहीं धमकी के बाद सुरेंद्र जांगड़ा और उनका परिवार अब भी दहशत के माहौल में है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार शिकायत के आधार पर एचटीएम थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पता लगाया जा रहा है कि पुर्तगाल के नंबर से भेजा गया वॉयस मैसेज वास्तव में गैंगस्टर रोहित गोदारा गिरोह से जुड़ा है या फिर किसी ने गैंग के नाम का इस्तेमाल कर रंगदारी वसूलने का प्रयास किया है।

वॉयस मैसेज में खुद को 'गिली राणा' बताते हुए आरोपी ने कहा कि वह रोहित गोदारा ग्रुप से बोल रहा है और दो करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की। आरोपी ने दो दिन के भीतर रकम देने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो सुरेंद्र जांगड़ा और उनके परिवार को जान से मार दिया जाएगा।

### राहुल गांधी का माइक बंद करना संविधान का अपमान : चंद्रप्रकाश

**हिसार।** लोकसभा में पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष और न्याययोद्धा राहुल गांधी का माइक बंद करने की घटना की आदमपुर के विधायक व प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन चंद्रप्रकाश ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसा कार्य करके भाजपा ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन किया है। राहुल गांधी को अपनी बात न कहने देने का यह कृत्य संविधान का अपमान है। विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि जनविरोधी नीतियों के चलते भाजपा अपना जनाधार खो चुकी है। नीट पेपर लीक के खिलाफ शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर बर्बरता सरकार की बौखलाहट को प्रदर्शित करती है।

# शिव कांवड़ मेले को लेकर पुलिस अलर्ट

## एसपी ने जारी की एडवाइजरी, कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील

- हुड़दंग, स्टंटबाजी और तेज डीजे बजाने पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

**ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएंगे**



एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान दुपहिया वाहन चालकों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट वाहन चलाना, तेज रफ्तार, व्हीली, रेसिंग, स्टंटबाजी और मॉडिफाइड साइलेंसर (पटाखे छोड़ने वाले) का उपयोग करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक सड़कों पर किसी भी प्रकार की स्टंटबाजी बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही, ट्रैक्टर-ट्रॉली, पिकअप, कैंटर जैसे वाहनों में क्षमता से अधिक लोगों को बैठाकर यात्रा कराने पर भी प्रतिबंध रहेगा। वाहन चालकों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस व गाड़ी के कागजात साथ रखने होंगे। शराब या किसी अन्य नशे में पाए जाने पर वाहन चालक पर सख्त कानूनी गाज गिरेगी। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए वाहनों की पार्किंग केवल निर्धारित स्थानों पर ही करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिव कांवड़ मेले को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात को सुचारू रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने 11 अगस्त तक चलने वाले इस मेले के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कांवड़ यात्रियों, डीजे संचालकों और वाहन चालकों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। एसपी ने चेतावनी दी है कि स्टंटबाजी, मॉडिफाइड साइलेंसर, ओवरलोडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, सड़क पर हुड़दंग करने या कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलेभर में संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल, यातायात पुलिस, पीसीआर और विशेष सुरक्षा टीमें तैनात रहेंगी। पुलिस एडवाइजरी के अनुसार, डीजे संचालकों को निर्धारित ध्वनि सीमा का सख्ती से पालन करना होगा।

# बलिदानों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प

## 16 अगस्त को भव्य रूप से मनाया जाएगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पंजाबी भवन में आयोजित बैठक में उपस्थित मेयर प्रवीन पोपली व अन्य।

सेक्टर-14 स्थित पंजाबी भवन में आयोजित शहर के प्रबुद्धजनों एवं पंजाबी समाज की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 अगस्त को प्रातः 11 बजे पंजाबी भवन में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी विजय ढल ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से मेयर प्रवीन पोपली, देशराज मनचंदा, भजनलाल अरोड़ा, सरदार गुलजार सिंह काहलो, इंद्र शर्मा, वेद रावल, मेहरचंद मनचंदा, प्रोफेसर हरीश जुनेजा सहित शहर की अनेक धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। राजेंद्र चुटानी ने बताया कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस केवल एक स्मरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि उन लाखों ज्ञात-अज्ञात शहीदों और विस्थापित परिवारों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक सामूहिक प्रयास है, जिन्होंने वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान अकल्पनीय पीड़ा, अत्याचार और विस्थापन का सामना किया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को उस इतिहास से अवगत कराना समय की आवश्यकता है, ताकि हमारे पूर्वजों के त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचती रहे।

**संघर्ष की गाथा बताएंगे**

इसी उद्देश्य से 16 अगस्त को यह आयोजन पूरे परिवारों की सहभागिता के साथ अत्यंत भव्य रूप में किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि यदि नई पीढ़ी अपने पूर्वजों के संघर्ष, त्याग, बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को जानेगी, तभी उनमें अपने देश, समाज और संस्कृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी।

### बंद मकान से गेहूं चोरी के मामले में तीन काबू

**नारनौंद।** बास पुलिस ने बंद मकान से गेहूं चोरी करने के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए गेहूं को भी बरामद किया है। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उनको न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बास थाना में तैनात एसआई सुनील कुमार ने बताया कि एक बंद मकान से अज्ञात चोर गेहूं चुराकर मौके से भाग गए थे। शिकायत के आधार पर थाना बास में 29 जुलाई को चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले में शिकायतकर्ता रमेशचन्द्र निवासी सिधवा खास ने शिकायत दी थी कि उसके प्लॉट में बने कमरे में करीब 10 क्विंटल गेहूं रखा हुआ था। जब उसने प्लॉट में जाकर देखा तो कमरे से गेहूं गायब मिला।

# हांसी में 15 अगस्त से बेसहारा पशु पकड़ो अभियानः उपायुक्त

- हांसी शहर में मौजूद हैं लगभग 1200 से 1300 बेसहारा पशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

**जलभराव रोकने के किए जा रहे विशेष प्रबंध**



उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि बरसात के दौरान मॉडल टाउन क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। नगर परिषद ने दो नए मोटर पंप सेट खरीदकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को उपलब्ध करवा दिए हैं। इन पंप सेटों को मॉडल टाउन क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा, जिससे बरसात के दौरान जमा होने वाले पानी की त्वरित निकासी सुनिश्चित हो सकेगी।

जिला प्रशासन द्वारा हांसी शहर को व्यवस्थित, सुरक्षित और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि हांसी शहर में बेसहारा पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 15 अगस्त से विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। इसके लिए नगर परिषद द्वारा जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य एजेंसी का चयन किया जाएगा, ताकि निर्धारित समय पर अभियान शुरू किया जा सके। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि नगर परिषद के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में हांसी शहर में लगभग 1200 से 1300 बेसहारा पशु मौजूद हैं। इन पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है तथा आम नागरिकों और वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है।

# खुले व नीचे लटके बिजली मीटर बॉक्स बन सकते हैं मौत का जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



बिजली के खुले बॉक्स।

शहर के विभिन्न इलाकों में बिजली के खंभों पर लगे खुले, टूटे और नीचे लटके हुए मीटर बॉक्स आम जनता की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। 'सजग' संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल ने प्रशासन और बिजली विभाग को चेतावनी देते हुए कहा है कि हादसों का इंतजार करने के बजाय समय रहते कार्रवाई की जाए, वरना ये खुले मीटर बॉक्स कभी भी मौत का जाल साबित हो सकते हैं। सत्यपाल अग्रवाल ने बताया कि वार्ड नंबर-1 स्थित अग्रवाल कॉलोनी सहित शहर के कई हिस्सों में मीटर बॉक्स काफी कम ऊंचाई पर लगे हैं। इनमें से कई बॉक्स के ढक्कन टूटे हैं या गायब हैं, जिससे उनके अंदर की नंगी तारें बाहर लटकती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि इन रास्तों से रोजाना बड़ी संख्या में पैदल राहगीर, स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और आवारा पशु गुजरते हैं।

### मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज

**हिसार।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को वीसी के माध्यम से उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला नगरायुक्त सी जयाश्रद्घा ने अवगत करवाया कि जिले में 31 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा। इसके उपरांत सभी राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की जाएगी। मतदाता सूची को ऑनलाइन भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें।

### घरों में घुस रहा सीवर का गंदा पानी, महिलाएं करेंगी रोड जाम

# श्मशान घाट रोड पर गंदे पानी से जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। सड़क पर जमा सीवर के पानी को लेकर प्रदर्शन व नारेबाजी करते क्षेत्रवासी

**शिकायत के बाद भी समाधान नहीं**

क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि समस्या के समाधान को लेकर प्रशासन और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों के अनुसार विभाग की ओर से कभी-कभी ट्रैक्टर या टैंकर के माध्यम से पानी निकलवाया जाता है, लेकिन कुछ ही घंटों बाद सड़क दोबारा सीवर के पानी से भर जाती है। उनका कहना है कि जब तक समस्या के मूल कारण का समाधान नहीं किया जाएगा, तब तक यह स्थिति बनी रहेगी।

काठ मंडी स्थित श्मशान घाट रोड पर सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एचएसवीपी सेक्टर-6 को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क पर पिछले करीब एक वर्ष से सीवर का गंदा और बदबूदार पानी जमा है। बिना बारिश के भी सड़क और आसपास के घर जलभराव की चपेट में हैं, जिससे स्थानीय लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। सड़क पर जमा बरसाती पानी की निकासी की मांग को लेकर गुरुवार को स्थानीय लोगों ने सड़क पर प्रदर्शन करते हुए प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि सीवर का गंदा पानी कई घरों के भीतर तक पहुंच रहा है। लगातार जमा सीवर के पानी से फैली दुर्गंध और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के कारण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि लंबे समय से बनी इस स्थिति के चलते क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। वहीं स्वर्ग आश्रम पर अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को भी घुटनों तक भरे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। तथा सड़क पर जमा गंदे पानी के नीचे गड्ढे दिखाई नहीं देने से दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### वृक्ष हमारे जीवन का आधार : प्रो. बाजिया

**हिसार।** छाजू राम मैमोरियल जाट महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एनसीसी आर्मी विंग गर्ल्स यूनिट तथा एनसीसी एयर विंग के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने अपने संदेश में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। कार्यक्रम एनसीसी अधिकारी डॉ. राकेश, डॉ सरोज मलिक तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ कृष्ण लाल, डॉ. नेहा डांगी एवं डॉ. करम सिंह की देखरेख में हुआ।

### फतेहचंद महिला कॉलेज में हुआ पौधरोपण

**हिसार।** फ़तेह चंद महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाइयों और एनसीसी इकाई द्वारा हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा व 3- हरियाणा गर्ल्स बटालियन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने पौधरोपण करके किया। इस अवसर पर एनसीसी व एनएसएस छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न छायादार, फलदार व औषधीय पौधे लगाए व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कैलाश व अल्पना गुप्ता तथा एन.सी.सी. प्रभारी डॉ. बबीता रानी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### एनसीसी एवं एनएसएस ने लगाए 100 पौधे

**हिसार।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत दयानन्द महाविद्यालय में एनसीसी (आर्मी और एयरविंग) एवं एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक-जागरूकता कार्यक्रम के रूप में व्यापक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स एवं स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर, हॉस्टल मैदान तथा खेलकूद मैदान में विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने स्वयं पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया तथा कैडेट्स और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एनसीसी एवं एनएसएस अधिकारी डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. इंद्रजीत सिंह, डॉ. छवि मांगला तथा डॉ. चेतन शर्मा ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### राजकीय कॉलेज बरवाला में किया पौधरोपण

**बरवाला।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय, बरवाला के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लेक्चरर पंकज रहेजा और आशीष कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ढांडा ने पौधा रोपित कर किया। इसके उपरांत एनएसएस प्रभारी डॉ. इंद्रा बिश्नोई एवं डॉ. सुदेश ने एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ मिलकर महाविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय के बाहर विभिन्न स्थानों पर 250 पौधों का रोपण किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी अजय, डॉ. विकास नैन, संदीप, डॉ. राहुल, पंकज रहेजा, आशीष कुमार, बंसी तथा विकास सहित अन्य स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया और पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005


विधायक सावित्री ने किया नागरिकों से पौधों के संरक्षण का आह्वान

# जिला स्तरीय वन महोत्सव में 2 हजार पौधे किए रोपित

बढ़ते प्रदूषण की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण समय की सबसे बड़ी जरूरत : जिंदल

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन गुरुवार को लुवास में किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान लगभग दो हजार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जहां से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपना संदेश दिया। विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हर नागरिक को जीवन में कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए तथा उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।



हिसार। पौधरोपण करतीं विधायक सावित्री जिंदल। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कंजरवेटर आर आनंद, जिला वन विभाग अधिकारी रोहताश बिरथल, पूर्व डिप्टी मेयर अनिल मानी, पार्षद संजय डालमिया, डीएन सैनी, प्रवीन जैन, कृष्ण कटाणा, सनेहलता निम्बल, सुशील शर्मा, आरओ सूर्या सिंह, सुधीर आदि उपस्थित रहे।

# पेड़ केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि मानव जीवन की सांस : विधायक

- जिले के प्रथम जिला स्तरीय वन महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब
- विधायक ने 500 विद्यार्थियों के साथ पौधा रोपित कर किया महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

जिले का प्रथम जिला स्तरीय वन महोत्सव गांव गढ़ी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विनोद भयाना ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। उनके साथ विभिन्न विद्यालयों के लगभग 500 विद्यार्थियों ने भी पौधे लगाकर धरती को हरा-भरा बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर डीसी राहुल नरवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण की शोभा नहीं, बल्कि मानव जीवन की सांस हैं। यदि हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और स्वस्थ वातावरण देना है तो पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनका संरक्षण भी प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हांसी जिले का पहला जिला स्तरीय वन महोत्सव गांव गढ़ी की धरती पर आयोजित होना पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।



**ये रहे उपस्थितः** मौके पर एसडीएम राजेश खोथ, एडीएफओ प्रमोद मलिक, डीएसपी रविंद्र सांगवान, रेंज फॉरेस्ट अधिकारी रमेश यादव, बीडीसी अध्यक्ष शीला देवी, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह श्योराण, सरपंच सज्जन कुमार आदि रहे।

हांसी। जिला स्तरीय वन महोत्सव में पौधरोपण करते विधायक विनोद भयाना।

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित


कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों , नीट की परीक्षा में सराहनीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा गांव में नियुक्त लाइनमैन संदीप कुमार को विधायक विनोद भयाना एवं डीसी राहुल नरवाल ने सम्मानित किया।

## एचएयू में कल से लागू होगी नई समय सारिणी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एक अगस्त से नई समय सारिणी लागू होगी। इसके तहत अगस्त से विश्वविद्यालय के कार्यालय प्रातः 9 बजे से सायं 4:30 बजे तक खुलेंगे। इस दौरान दोपहर एक बजे से 1:40 तक भोजनावकाश रहेगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रदेशभर में स्थित सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कॉलेज, कौल (कैथल) व कृषि कॉलेज, बावल (रेवाड़ी) में भी 1 अगस्त से उपरोक्त समय सारिणी लागू होगी। उल्लेखनीय है कि फिलहाल विश्वविद्यालय में गत एक मई से ग्रीष्मकालीन समय सारिणी लागू थी जिसके अनुसार कार्यालयों का समय प्रातः सात बजे से दोपहर दो बजे तक था, जो एक अगस्त से बदलकर प्रातः 9 बजे से सायं 4:30 बजे तक हो जाएगा।

## लुवास में कल से शरदकालीन समय-सारणी लागू, अधिसूचना जारी

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), में एक अगस्त से शरदकालीन समय-सारणी लागू की जाएगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय ने आदेश जारी कर दिए हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार, विश्वविद्यालय का कार्य समय प्रातः 9 बजे से सायं पांच बजे तक रहेगा। दोपहर एक बजे से दो बजे तक भोजनावकाश निर्धारित किया गया है। यह समय-सारणी 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह शरदकालीन समय-सारणी विश्वविद्यालय के सभी शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रशासनिक विभागों के साथ-साथ अधीनस्थ पशु-विज्ञान केन्द्रों तथा पशु रोग निदान प्रयोगशालाओं में भी समान रूप से लागू होगी।



उकलाना। सम्मान समारोह के मौके पर पौधरोपण करते हुए।

## सुपर हंड्रेड ने साकार किया सुषमा का आईआईटी में प्रवेश का सपना

**उकलाना।** हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी मिशन बुनियाद एवं सुपर हंड्रेड योजना सरकारी विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए सफलता की नई राह खोल रही है। इसी योजना का लाभ लेकर गांव कुंदनपुरा के पूर्व सरपंच मोतीराम की पुत्री सुषमा ने आईआईटी मंडी में प्रवेश प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कुंदनपुरा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र बूरा ने सुषमा को सम्मानित किया आईआईटी मंडी में चयनित सुषमा ने कहा कि यदि सुपर हंड्रेड योजना नहीं होती तो शायद उनका आईआईटी तक पहुंचने का सपना पूरा नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना ने उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दिया। सम्मान समारोह के उपरांत बीईओ सुरेश चंद्र बूरा, सुषमा तथा उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## हिसार में पहली बार कल से होगा ईशा ग्रामोत्सव

- पुरुषों के लिए वॉलीबॉल व महिलाओं के लिए थोबॉल खेल होंगे

**हिसार।** सद्गुरु द्वारा प्रेरित ईशा ग्रामोत्सव, जो पिछले 17 वर्षों से देश के सबसे बड़े ग्रामीण खेल आयोजनों में से एक रहा है, इस वर्ष पहली बार हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है। हिसार क्लस्टर का आयोजन 1 एवं 2 अगस्त को महाबीर स्टेडियम में होगा। इसमें पुरुषों की वालीबॉल तथा महिलाओं की थ्रोबॉल प्रतियोगिताओं में हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी, फतेहाबाद, सिरसा, जींद, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में 14 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति निःशुल्क भाग ले सकता है। अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है। सद्गुरु ईशा योग केंद्र के कार्यकर्ता स्वामी हर्षुला ने बताया कि ईशा ग्रामोत्सव केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि समाज को जोडऩे का एक उत्सव है। यह आयु, जाति, धर्म और पृष्ठभूमि से ऊपर उठकर लोगों को खेलों के माध्यम से एकजुट करता है तथा युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली, टीम भावना और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देता है। ग्रामोत्सव के पहले दिन नगर निगम के महापौर प्रवीन पोपली मुख्य अतिथि के रुप में प्रातः 9 बजे शुभारंभ करेंगे। दो अगस्त को सायंकाल 5 बजे पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता विजेता टीमों को पुरस्कार देंगे। विजेता टीमें करनाल में निकट भविष्य में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।



नारनौंद। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के अध्यापक ओर छात्र। फोटो : हरिभूमि

## मुंशी प्रेमचंद की 146वीं जयंती पर हुआ प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम

**नारनौंद।** हिन्दी-गौरव,कलम के सिपाही, हिन्दी-दिनमणि व अद्वितीय साहित्यिक पथिक मुंशी प्रेमचंद की 146 वीं जयंती पर राजकीय विद्यालय भैणी अमीरपुर में, प्रेमचंद के जीवन व उनके साहित्य पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिवार ने किया। गुरुजनों के कुशल नेतृत्व में होनहार विद्यार्थियों द्वारा इस प्रतियोगिता का प्रारूप तैयार किया गया। कार्यक्रम की एंकरिंग 10वीं कक्षा की छात्रा दिक्षा तथा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का संचालन 12वीं कक्षा की प्रीति और दीपा ने संयुक्त रूप से किया। प्रश्नों के सही उत्तर के लिए विद्यार्थियों को ईनाम दिए गए। छात्रों में उत्साह देखा गया। हिंदी साहित्य में प्रेमचंद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य रमेश कुमार तथा नरेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त किये। हिन्दी प्रवक्ता सतीश कुमार ने प्रेमचंद के जीवन पर सुक्ष्म दृष्टिपात करते हुए इनके अनछूए पहलुओं को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। इस अवसर पर अशोक कुमार, नरेंद्र कृष्ण कुमार, संदीप, अजीत, रजनी, सुमन देवी, विद्यावती, निशा आदि मौजूद थे।

## वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार : एसडीएम

- श्रवण मास के प्रथम दिन एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

**हांसी।** श्रावण मास के प्रथम दिवस पर अग्रवाल वैश्य समाज एवं लायंस क्लब हांसी के संयुक्त तत्वावधान में सनातन धर्म महिला महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा विधानसभा अध्यक्ष दीपक मित्तल पेड़े वाले एवं एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में किया गया। एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। पेड़ ही ऐसे स्त्रोत हैं जो कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण कर मानव जीवन के लिए आवश्यक प्राणवायु प्रदान करते हैं।



हांसी। एथलेटिक्स मीट में पदक विजेता विनय स्कूल प्राचार्या एकता सचदेवा व कोच के साथ।

## आरपीएस स्कूल के विनय ने सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स में जीता रजत और कांस्य पदक

- अंडर 14 वर्ग की 200 मीटर दौड में हासिल किया द्वितीय स्थान

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र विनय ने सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विनय ने अंडर-14 वर्ग की 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान तथा 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। यह जानकारी देते हुए विद्यालय की प्राचार्या एकता सचदेवा ने बताया कि विनय ने 200 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल करने के साथ ही उन्होंने सीबीएसई राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए अपनी दावेदारी भी मजबूत की है, क्योंकि प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के मुकाबलों के लिए चयनित होते हैं। वहीं विद्यालय के निदेशक डॉ. संदीप देशवाल ने छात्र, उसके अभिभावकों और प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आरपीएस पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता है।

## राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा में छात्रों ने किया पौधरोपण

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा के प्राचार्य अनिल कुमार के निर्देशन में एनएसएस व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम मुहीम के अन्तर्गत महाविद्यालय व आस पास के क्षेत्र में पेड़ पौधे लगाए गए। प्राचार्य अनिल कुमार ने स्वयंसेवको व महाविद्यालय के अन्य छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकृति का संरक्षण करना हम सब का दायित्व है। इस दौरान करीब 150 पेड़ पौधे लगाए गए। इस अवसर पर एनएसएस प्रकोष्ठ कार्यक्रम अधिकारी विद्या वती, इको क्लब संयोजक प्राध्यापक अनिल आदि मौजूद थे।


कार्यक्रम | प्रसंस्कृत भोजन से दूरी ही स्वस्थ जीवन की कुंजी


# पैकेट नहीं, प्रकृति का भोजन चुनिए स्वस्थ जीवन अपनाइए : डॉ. मलिक

- वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न क्लब में फूड एडिटिव्स व मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव पर विशेष व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न क्लब में फूड एडिटिव्स और मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त रसायन विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. एम. एस. मलिक ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। अपने विस्तृत व्याख्यान में डॉ. एम. एस. मलिक ने बताया कि भोजन का स्वाद, रंग, सुगंध, बनावट सुधारने और उसे लंबे समय तक खराब होने से बचाने के लिए फूड एडिटिव्स व प्रिज़र्वेटिव्स मिलाए जाते हैं। इनकी पहचान पैकेट पर लिखे ई अथवा आईएनएस नंबरों के ज़रिए आसानी से की जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी एडिटिव्स हानिकारक नहीं होते और इनकी एक सुरक्षित सीमा तय होती है, फिर भी अत्यधिक प्रसंस्कृत भोजन का रोज़ाना सेवन सेहत के लिए जोखिम भरा हो सकता है। डॉ. मलिक ने स्वस्थ रहने का मंत्र देते हुए कहा कि पैकेटबंद चीज़ों के बजाय ताज़ा, प्राकृतिक और घर का बना भोजन अपनाएँ। कार्यक्रम की शुरुआत में क्लब के महासचिव डॉ. जे. के. डांग ने मुख्य वक्ता एवं सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया।





हिसार। व्याख्यान देते हकृवि से रसायन विज्ञान के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. एम. एस. मलिक व उपस्थित वानप्रस्थ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों को हो सकती है परेशानी

डॉ. मलिक ने सोडियम नाइट्राइट, सोडियम बेंजोएट, टार्ट्राजीन, टाइटेनियम डाइऑक्साइड तथा सल्फाइट्स जैसे एडिटिव्स का उल्लेख करते हुए बताया कि इनके अत्यधिक सेवन से एलर्जी, अस्थमा, पाचन संबंधी परेशानियां और बच्चों में अतिसक्रियता हो सकती है। लंबे समय तक इनका प्रयोग करने से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली के कारण पैकेटबंद एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का उपयोग लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में इनके प्रति जागरूक होना बेहद ज़रूरी है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुनीता जैन ने मुख्य वक्ता डॉ. मलिक का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज डायरी




### मेयर प्रवीण पोपली ने आजाद नगर में किया पौधरोपण

**हिसार।** एक पेड़ मां के नाम अभियान व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आजाद नगर स्थित जोहड़ परिसर में मेयर प्रवीण पोपली ने पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर नीम, जामुन, अमरूद, अमलतास, गुलमोहर और पापड़ी सहित विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया।



### डीपीएस में हर्षोल्लास के साथ मनाया वन महोत्सव

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए तथा उनकी नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने कहा कि एक पौधा केवल एक वृक्ष नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य की नींव है। प्रत्येक विद्यार्थी यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधे की जिम्मेदारी निभाए, तो हमारा पर्यावरण अधिक हरित, स्वस्थ और समृद्ध बन सकता है।



### जाट शिक्षण संस्थाओं के प्रशासक ने लगाया पौधा

**हिसार।** उच्चतर शिक्षा विभाग के तत्वावधान में छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम', अभियान चलाया। इस अभियान के तहत प्रशासक डॉ. अश्वीर नैन ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर डॉ. सतरूप ढांडा, सदस्य हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद, प्राचार्या डॉ. पूर्णिमा लोहान व प्रेमसुख ने भी महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस अभियान में महाविद्यालय शिक्षक एवं गैर शिक्षक वह छात्रों ने 100 पौधे लगाए। प्रशासक ने इस अभियान को सफल बनाने हेतु समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आह्वान किया।




### लक्ष्मीबाई कॉलेज में चलाया एक पेड़ मां के नाम अभियान

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में गुरुवा को हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय, पंचकूला के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा, प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा, एनएसएस प्रभारी ज्योति वर्मा, एनसीसी एएनओ लैं. गुंजन शर्मा, एनसीसी सीटीओ नेहा द्वारा पौधरोपण करके किया गया। अभियान में महाविद्यालय के 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी हिसार से जुड़े छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया।




### बरवाला से पौधरोपण संकल्प अभियान का शुभारंभ

**बरवाला।** नव निर्माण लीगल सोशल जस्टिस ट्रस्ट के बैनर तले पौधरोपण संकल्प अभियान का शुभारंभ बरवाला कोर्ट परिसर से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश कुमार, सब डिविजनल जुडिशियल मजिस्ट्रेट और सुनील कुमार, न्यायिक अधिकारी प्रथम श्रेणी रहे। दोनों मुख्य अतिथियों ने बरवाला कोर्ट परिसर में पौधारोपण कर अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। नव निर्माण लीगल सोशल जस्टिस ट्रस्ट के सदस्यों ने संकल्प लिया कि इस अभियान के तहत बरवाला शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में कुल 2100 पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर एडवोकेट राजेश श्योकन्द, पार्षद ज्योति बंसल, वीरेन्द्र बरवाला, एडवोकेट कुलबीर बुरा, एडवोकेट राजेंद्र पुनिया, एडवोकेट विकास भानखोड़ व एडवोकेट मोनू खान आदि मौजूद रहे।